भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1034

07 दिसंबर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

दरभंगा, बिहार में मेडिकल कॉलेज का उन्नयन

1034. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बिहार के दरभंगा स्थित मेडिकल कॉलेज का उन्नयन एम्स के रूप में किए जाने की घोषणा शासन स्तर पर की गई थी; और
(ख) यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है और इसे कब तक अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पूर्णरूपेण साधन संपन्न अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख): दरभंगा स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज का उन्नयन संबंधी कार्य आरंभ कर दिया गया है। सरकार ने दरभंगा में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है।

बिहार के दरभंगा स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स के रूप में स्तरोन्नयन करने की कोई घोषणा नहीं की गई है।

*****